**विधान परिषद् के द्वितीय सत्र, 2024 के प्रथम शुक्रवार हेतु निर्धारित श्री पवन कुमार सिंह, मा0 सदस्य, विधान परिषद् द्वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न संख्या-38 का उत्तर।**

| **प्रश्न** | **उत्तर** |
|---|---|
| 38 (क) क्या पंचायती राज मंत्री बतायेंगे कि जनपद- सीतापुर के विकास खण्ड सिधौली के अन्तर्गत ग्राम पंचायत धरावां (अहलादपुर) में गुरू प्रसाद के घर से सूरजलाल के घर तक की दूरी जो लगभग 400मी0 है, का मार्ग बहुत ही खराब है, जिससे लोगों को परेशानियों का सामना करना पडता है? | जी हां। |
| (ख) यदि हाँ, तो उक्त समस्या के निदान हेतु इंटरलॉकिंग मार्ग का निर्माण करायेंगे? | ग्राम पंचायत धरावां (अहलादपुर) में श्री गुरू प्रसाद के घर से सूरजलाल के घर तक की दूरी मापांकन कराने पर 215 मी0 पायी गयी। उक्त 215 मी0 कार्य कराये जाने पर अनुमानित लागत रू0 15.00 लाख (पन्द्रह लाख रूपये) आयेगी। ग्राम पंचायत धरावां, विकास खण्ड सिधौली की कम आबादी वाली छोटी ग्राम पंचायत है। वर्तमान में पंचम राज्य वित्त आयोग के खाते में रू0 3,25,478.00 एवं 15वें वित्त के खाते में रू0 4,46,421.00 उपलब्ध है। ग्राम प्रधान, केयर टेकर, पंचायत सहायक का मानदेय एवं अन्य भुगतान किये जाने के उपरान्त ग्राम पंचायत में उक्त कार्य कराया जाना संभव नहीं है। |
| (ग) यदि हाँ, तो कब तक? | उपरोक्तानुसार |
| (घ) यदि नहीं, तो क्यों? | प्रश्न नहीं उठता। |

**ओम प्रकाश राजभर**
मंत्री,
पंचायती राज विभाग।